हारे का सहारा है | By Hari Sharma

मैंने जीवन में सब कुछ ही हारा है
सुनते हैं के तू हारे का सहारा है
अब थाम ले सांवरिया मेरी डूब रही नैया
मैंने जीवन में ....

कितनो पे कृपा तू करता है बाबा
मैं भी हूँ तेरा क्या क्यूँ याद ना आता
है आस मुझे तुमसे, क्यूँ सुनता ना सांवरिया
मैंने जीवन में ....

कितनी परीक्षा तू लेता है मेरी
एक बार आँख क्यूँ रोती ना तेरी
ऐसे निष्ठुर बन के बैठा क्यूँ सांवरिया
मैंने जीवन में ....

दातार है तू ये जग है बताता
मेरा साथ जाने तू क्यूँ ना निभाता
हरी अब गर हारा तो, तेरी हार है सांवरिया
मैंने जीवन में ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-hari-sharma/